7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर | दिल्ली | हरियाणा | पंजाब | चंडीगढ़

अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 8 फरवरी 2017
amarujala.com

तब राममूर्ति की जीप में खड़े होकर घूमे थे नेहरू

चुनाव प्रचार करते नेहरू जी (फाइल फोटो)।

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली।

तब विधानसभा और लोकसभा के लिए एक साथ वोट पड़े थे। प्रचार के लिए सीमित तादाद में झंडा और कागज के बिल्ले आदि ही इस्तेमाल होते थे। आजादी के बाद पहला चुनाव था। प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू खुद चुनाव प्रचार करने बरेली आए। खुली जीप में घूमकर लोगों से वोट मांगे। दिल्ली से रेल द्वारा खुद प्रधानमंत्री दो बार बरेली में चुनाव प्रचार करने आए थे। वरिष्ठ अधिवक्ता और कांग्रेसी नेता एसके रेक्रीवाल बताते हैं कि नेहरू जी जब बरेली रेलवे जंक्शन पर पहुंचे तो कोई लावलश्कर और सुरक्षा बल नहीं था।

खुली जीप में आगे खड़े हो गए और स्टेयरिंग थामा प्रत्याशी राम मूर्ति जी ने, कांग्रेस के दूसरे प्रत्याशी जगदीश सरन अग्रवाल पीछे बैठ गए और नेहरू जी के साथ सतीश चंद्र अग्रवाल खड़े हो गए। रेक्रीवाल कांग्रेस के सभी वीआईपी कार्यक्रमों में शौकिया फोटोग्राफी कर लेते थे। उनके पास कई दुर्लभ फोटो आज भी मौजूद हैं। नेहरू जी की चुनावी सभा में लाउडस्पीकर इस्तेमाल होता था। जिले के प्रत्याशियों के पक्ष में नेहरू जी शहर में एक सभा करते थे। उन्हें सुनने को जिले भर से लोग एकत्र होते थे। ज्यादातर कार्यक्रम राजकीय इंटर कालेज मैदान में ही हुए।